# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 05.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्य के विकास और लोक कल्याण से जुड़े 26 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति।**
2. **राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच पूरी, कल तक नाम वापस ले सकेंगे प्रत्याशी, सात फरवरी को होगा चुनाव चिन्ह का आवंटन।**
3. **कोडरमा में आयोजित झामुमो के सदस्यता ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा–विकास की पटरी पर तेजी से बढ़ रहा है राज्य।**
4. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से करेंगे संवाद, कार्यक्रम को लेकर झारखंड में खासा उत्साह।**
5. **रणजी ट्रॉफी का पहला क्वार्टर फाइनल मैच कल से जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में, झारखंड और उत्तराखंड के बीच होगा मुकाबला।**

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में राज्य कैबिनेट की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जेपीएससी अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट देने का फैसला टाल दिया गया है। कार्मिक विभाग द्वारा प्रस्तावित अगस्त 2023 की कट–ऑफ तिथि पर फिलहाल सहमति नहीं बन सकी। हालांकि बैठक में राज्य के विकास और लोक कल्याण से जुड़े 26 अन्य प्रस्तावों को मंजूरी मिली, लेकिन नगर निकाय चुनाव आचार संहिता के कारण इनकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

****************

राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की आज जांच पूरी हो गयी। कल तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे और सात फरवरी को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा। साहिबगंज नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सभी 18 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं। उधर, पाकुड़ नगर परिषद चुनाव की स्क्रूटनी में अध्यक्ष पद के सभी 10 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं। हालांकि, वार्ड पार्षदों के 95 नामांकनों की जांच में तीन प्रत्याशियों के पर्चे खारिज कर दिए गए। इधर, गुमला नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 9 महिला उम्मीदवारों के नामांकन सही मिले। 22 वार्डों में 54 महिलाओं सहित कुल 120 प्रत्याशी योग्य पाए गए। स्क्रूटनी में कुल 4 नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोडरमा के लोकाई मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की, जहाँ उनके नेतृत्व में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता समेत सैकड़ों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंइयां सम्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य विकास की पटरी पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और विदेशी निवेशक भी उत्साहित हैं।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करेंगे। खूंटी के कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं में इसे लेकर भारी उत्साह है।

प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर शिक्षक भी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री के टिप्स परीक्षा के तनाव को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं।

****************

उधर, सिमडेगा के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों में भी कल होने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर उत्साह है। छात्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री के अनुभव और प्रेरणादायक शैली से परीक्षा का तनाव दूर होता है और पढ़ाई के प्रति सकारात्मक नजरिया विकसित होता है।

शिक्षक भी मानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कार्यक्रम से पढ़ाई के प्रति सकारात्मक नजरिया विकसित होता है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। श्री मोदी ने कहा कि भारत अब एक नए ग्लोबल वर्ल्ड ऑर्डर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने भारत को दुनिया की चुनौतियों का समाधान देने वाला देश और ग्लोबल साउथ की बुलंद आवाज बताया।

****************

हजारीबाग में आज भाजपा की एक संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा शामिल हुईं। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026–27 को विकसित और आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए बूथ स्तर पर संगठन मजबूती के निर्देश दिए।

****************

गढ़वा व्यवहार न्यायालय ने 16 जनवरी 2024 को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायाधीश दिनेश कुमार ने अभियुक्त मिथिलेश कुमार गुप्ता को 20 साल के सश्रम कारावास और 1 लाख 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की पहल पर लोक भवन उद्यान 2 से 8 फरवरी तक जनता के लिए खुला है। आज रिकॉर्ड 37 हजार 976 लोगों ने भ्रमण किया। नागरिक गेट संख्या दो से दोपहर 1 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं, जबकि उद्यान शाम 3 बजे तक खुला रहता है।

****************

झारखंड आंदोलन के महानायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जीवन पर फिल्म का निर्माण शुरू होगा। इस सिलसिले में खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने धनबाद के राजगंज स्थित लाठाटांड़ गांव पहुंचकर शिबू सोरेन के साथ आंदोलन करने वाले शंकर किशोर महतो से मुलाकात की। इस मौके पर मंत्री ने बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्षों पर आधारित 3 घंटे की फीचर फिल्म बनाई जाएगी, जो पूरी तरह वास्तविक तथ्यों पर आधारित होगी।

****************

राज्य में बसंत ऋतु के आगमन के साथ मौसम का मिजाज बदल रहा है। दिन में धूप की तपिश और सुबह–रात की ठंडी हवाओं के बीच सर्दी विदाई की राह पर है। गुमला और हजारीबाग का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है जबकि अन्य जिलों में यह 10 से 15 डिग्री के बीच है।

****************

रणजी ट्रॉफी 2025–26 का पहला क्वार्टरफाइनल मुकाबला कल से झारखंड और उत्तराखंड के बीच जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में शुरू होगा। झारखंड की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ग्रुप–ए में शीर्ष पर रहने के आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, वहीं उत्तराखंड की नजरें अपने चौथे क्वार्टरफाइनल को यादगार बनाने पर होंगी।

********समाप्त*********